331 दैनिक जागरण : 02/10/2025

DATE

## बतरा कालेज में 261 का एचबी जांचा

पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के रेड रिबन क्लब ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए हीमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शहरी पीएचसी बनूरी की डा. शिवानी के नेतृत्व में आई छह सदस्यीय टीम ने कुल 261 विद्यार्थियों की हीमोग्लोबिन स्तर की जांच की। कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. कल्पना ऋषि ने शिविर का निरीक्षण किया। शिविर का संचालन डा. बविंदर कटोच, डा. अनुराधा, डा. मीनाक्षी और प्रो. मनीषा के सहयोग से हुआ। इसी के साथ अन्य गतिविधि के तहत 500 से अधिक विद्यार्थियों को माय भारत एवं निक्षय मित्र पोर्टल पर बतौर स्वयंसेवक पंजीकृत किया गया। इन विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे क्षय रोग से पीड़ित रोगियों को सहयोग प्रदान कर राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन अभियान में योगदान देंगे। (संस)

332 दैनिक जागरण : 05/10/2025

## मतदाता सूची में त्रुटि हो तो कर सकते हैं दावा : नेत्रा मेती

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नगर निगम पालमपुर, नेत्रा मेती ने जानकारी दी है कि नगर निगम पालमपुर की निर्वाचक नामावली प्रारूप-2025 तैयार हो चुकी है। इसकी एक प्रति एसडीएम कार्यालय के कमरा संख्या 228, निगम कार्यालय पालमपुर और तहसीलदार पालमपुर के कार्यालय के कमरा संख्या 115 में उपलब्ध रहेगी। सभी मतदाताओं से अनुरोध किया गया है कि यदि किसी मतदाता के नाम को सम्मिलित करने का दावा हो या किसी नाम में त्रुटि हो, तो वे अपने दावे दाखिल कर सकते हैं। मतदाता की अर्हता तिथि पहली अक्तूबर 2025 है, यानी उस दिन तक मतदाता ने 18 वर्ष पूरे कर लिए हों।

दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि आठ से 17 अक्टूबर तक रहेगी। पुनरीक्षण प्राधिकारी द्वारा दावों और आपत्तियों का निपटारा 27 अक्टूबर तक किया जाएगा। अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील दाखिल करने की अवधि तीन नवंबर तक रहेगी।

## देहरादून में शिविर में बतरा कालेज पालमपुर के कैडेट्स ने लिया भाग



देहरादून में आयोजित शिविर में भाग लेने वाले एनसीसी कैडेट्स • सौ. महाविद्यालय।

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : 21 सितंबर से दो अक्टूबर तक भाऊवाला, देहरादून में आयोजित एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर में बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय के सार्जेंट सोनाक्षी और कैडेट वंश ने भाग लिया।

इस शिविर में चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश से लगभग 600 कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का उद्घाटन 22 सितंबर को हुआ था। कैडेट्स ने विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके अलावा, उन्होंने भारतीय सैन्य अकादमी (आइएमए), एयर फोर्स सेलेक्शन बोर्ड और वन अनुसंधान संस्थान का भ्रमण भी किया।

यह शिविर विविधता में एकता का प्रतीक बना और कैडेट्स के लिए सीख, मित्रता और आत्मविकास की अविस्मरणीय यादें छोड़ गया। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य प्रो. कल्पना ऋषि एवं अन्य ने कैडेट्स को बधाई दी।

Scanned with OKEN Scanner

333. अमर उजाला :- 06/10/2025

# पालमपुर कॉलेज को खेल मैदान और जूलॉजी प्रयोगशाला की मिली सौगात

## शिक्षा मंत्री ने किया लोकार्पण, बंदला में साइंस ब्लॉक और भगोटला स्कूल के नए भवन का किया उद्घाटन

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**पालमपुर (कांगड़ा)।** शहीद कैप्टन विक्रम बतरा कॉलेज पालमपुर में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने 1.50 करोड़ से तैयार खेल मैदान और 17 लाख रुपये से निर्मित जूलॉजी प्रयोगशाला का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने पांच करोड़ से निर्मित होने वाले कन्या छात्रावास और 20 लाख रुपये की लागत से तैयार होने वाले बॉक्सिंग रिंग का शिलान्यास किया। इसके अलावा उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंदला में 50.65 लाख रुपये से निर्मित साइंस ब्लॉक और इतनी ही लागत से निर्मित राजकीय उच्च विद्यालय भगोटला के नए भवन का लोकार्पण किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से कांगड़ा जिले में सर्वाधिक राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल का हो रहा निर्माण किया जा रहा है। 40 करोड़ रुपये की लागत के इन स्कूलों के लिए 14.17 करोड़ की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है। शिक्षा का क्षेत्र प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। इसके चलते ही प्रदेश सरकार कुल बजट का 18 फ़ीसदी बजट शिक्षा पर व्यय कर रही है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिला में शिक्षा विभाग से संबंधित 20 करोड़ के कार्य जारी है, जो जल्द ही लोकार्पित किए जाएंगे। सरकार ने पहली बार कॉलेज, स्कूल और पुस्तकालय की रैंकिंग और ग्रेडिंग शुरू की है।

इस दौरान उन्होंने कॉलेज प्रशासन की ओर से पीजी कोर्स शुरू करने, सभागार निर्मित करने सहित अन्य मांगों पर विचार करने का आश्वासन भी दिया। वहीं, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंदला में उन्होंने शौचालय के निर्माण की मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित महिला मंडलों को 10-10 हजार रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की। इसके अलावा राजकीय उच्च विद्यालय भगोटला में उन्होंने नव निर्मित भवन के आगे डंगा लगाने के लिए बजट स्वीकृत करने का आश्वासन दिया। वहीं, विधायक आशीष बुटेल ने पालमपुर विधानसभा क्षेत्र में करीब आठ करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों को लोकार्पित करने और शिलान्यास करने के लिए आभार जताया।



सिविल अस्पताल पालमपुर में एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन और ऑडियोलॉजी यूनिट का शुभारंभ करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और अन्य। स्रोत : डीपीआरओ

### एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन ऑडियोलॉजी यूनिट शुरू

**पालमपुर (कांगड़ा)।** सिविल अस्पताल पालमपुर में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन और ऑडियोलॉजी यूनिट का शुभारंभ किया। ये दोनों यूनिट पालमपुर के चिंबलहार निवासी समाजसेवी तिलकराज सूद और उनके परिवार दान की राशि से शुरू हो पाई हैं।

एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन यूनिट पर 15.96 लाख और ऑडियोलॉजी यूनिट पर 13.30 लाख रुपये खर्च हुए। इन यूनिट की स्थापना के कारण अब मरीजों को संबंधित सेवाएं अस्पताल में ही मिलेंगी। इस दौरान विधायक आशीष बुटेल भी उपस्थित रहे। संवाद

334 दैनिक भास्कर :- 06/10/2025

## कांगड़ा में 40 करोड़ से बनेंगे 8 डे बोर्डिंग स्कूल: रोहित

**पालमपुर** | प्रदेश सरकार द्वारा कांगड़ा जिले में सर्वाधिक राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल का निर्माण किया जा रहा है। 40 करोड़ की लागत के इन स्कूलों के लिए 14.17 करोड़ की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा कॉलेज में यह बात शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कही। उन्होंने 1.50 करोड़ से मैदान, 17 लाख की लागत से निर्मित जूलॉजी प्रयोगशाला का लोकार्पण किया तथा 5 करोड़ से निर्मित होने वाले कन्या छात्रावास और 20 लाख की लागत से तैयार होने वाले बॉक्सिंग रिंग का शिलान्यास भी किया। इसके पश्चात उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंदला में 50.65 लाख की लागत से निर्मित साइंस ब्लॉक और इतनी ही लागत से निर्मित राजकीय उच्च विद्यालय भगोटला के नव निर्मित भवन को लोकार्पित किया।

Scanned with OKEN Scanner

DATE

335 दैनिक जागरण :- 06/10/2025

# कांगड़ा जिले में आठ डे बोर्डिंग स्कूल बनेंगे : रोहित ठाकुर

## 40 करोड़ आएगी लागत 14.17 करोड़ हो चुके हैं स्वीकृत

- बतरा कालेज, बंदला और भगोटला स्कूल में किए शिलान्यास व उद्घाटन
- कालेज में 1.50 करोड़ रुपये की लागत से तैयार खेल मैदान का किया लोकार्पण

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि कांगड़ा जिले में सर्वाधिक आठ राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूलों का निर्माण किया जाएगा। 40 करोड़ की लागत के इन स्कूलों के लिए 14.17 करोड़ की राशि स्वीकृत हो चुकी है। यह बात मंत्री ने रविवार को बलिदानी कैप्टन बिक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में आयोजित उद्घाटन-शिलान्यास कार्यक्रम के बाद कही।

उन्होंने कालेज में 1.50 करोड़ रुपये की लागत से तैयार खेल मैदान, 17 लाख की लागत से निर्मित जूलाजी प्रयोगशाला का लोकार्पण किया। पांच करोड़ से निर्मित होने वाले कन्या छात्रावास और 20 लाख की लागत से तैयार होने वाले बाक्सिंग रिंग का शिलान्यास भी किया। इसके बाद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंदला में 50.65 लाख की लागत से बने साइंस ब्लाक और राजकीय उच्च विद्यालय भगोटला के नव निर्मित भवन को लोकार्पित किया।

मंत्री ने कहा कि सरकार कुल बजट का 18 प्रतिशत शिक्षा पर व्यय कर रही है। कांगड़ा जिला में शिक्षा विभाग से संबंधित 20 करोड़ के कार्य जारी हैं जो जल्द लोकार्पित किए जाएंगे। सरकार ने पहली बार कालेज, स्कूल व पुस्तकालय की रैंकिंग और ग्रेडिंग शुरू की है। वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंदला में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने विद्यालय की टायलेट निर्माण की मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया। राजकीय उच्च विद्यालय



बलिदानी कैप्टन बिक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में खेल मैदान, जूलाजी प्रयोगशाला का लोकार्पण व बाक्सिंग रिंग का शिलान्यास करते रोहित ठाकुर • जागरण

भगोटला में भी उन्होंने नवनिर्मित भवन के आगे डंगा लगाने के लिए बजट स्वीकृत करने का आश्वासन दिया। विधायक आशीष बुटेल ने विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा विभाग से संबंधित करीब आठ करोड़ रुपए के विकास कार्यों को लोकार्पित करने और शिलान्यास के लिए आभार जताया। इस मौके पर मंत्री के साथ नगर निगम के महापौर गोपाल नाग, उपमहापौर राजकुमार, वूल फेडरेशन निदेशक मंडल सदस्य त्रिलोक कपूर, कांग्रेस प्रवक्ता संजीव गांधी, एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती, सचिव स्कूल शिक्षा बोर्ड डा. विशाल शर्मा, आयुक्त नगर निगम डा. आशीष शर्मा, डीएसपी लोकेंद्र नेगी, उप निदेशक उच्च शिक्षा कमलेश ठाकुर, प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक अजय संबयाल, अधीक्षण अभियंता बीएम ठाकुर, कालेज की कार्यकारी प्रधानाचार्य कल्पना ऋषि सहित विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य व अध्यापक मौजूद रहे।

इसके बाद मंत्री ने सिविल अस्पताल पालमपुर में एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन और आडियोलाजी यूनिट का शुभारंभ किया। ये दोनों यूनिट चिम्बलहार निवासी समाजसेवी तिलकराज सूद और उनके परिवार द्वारा अस्पताल को दान की गई हैं। एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन यूनिट की लागत 15.96 लाख और आडियोलाजी यूनिट की लागत 13.30 लाख है। मंत्री रोहित ठाकुर और विधायक आशीष बुटेल ने समाजसेवी तिलकराज सूद और उनके परिवार का इस कार्य के लिए आभार जताया।

Scanned with OKEN Scanner

# कांगड़ा में 40 करोड़ की लागत से सर्वाधिक 8 डे बोर्डिंग स्कूल बनेंगे : रोहित

## प्रदेश सरकार 18 प्रतिशत बजट शिक्षा पर कर रही है खर्च, वर्तमान सरकार शिक्षा में गुणवत्ता कर रही सुनिश्चित

पालमपुर, 5 अक्तूबर (गौरव/भृगु): प्रदेश सरकार द्वारा कांगड़ा जिले में सर्वाधिक राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल का निर्माण किया जा रहा है। 40 करोड़ रुपए की लागत से इन स्कूलों के लिए 14.17 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में आयोजित उद्घाटन शिलान्यास कार्यक्रम के मौके पर यह बात शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कही। कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 1.50 करोड़ रुपए की लागत से तैयार खेल मैदान, 17 लाख रुपए की लागत से निर्मित जूलॉजी प्रयोगशाला का लोकार्पण किया तथा 5 करोड़ रुपए से निर्मित होने वाले कन्या छात्रावास और 20 लाख रुपए की लागत से तैयार होने वाले बॉक्सिंग रिंग का शिलान्यास किया।

इसके पश्चात उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंदला में 50.65 लाख रुपए की लागत से निर्मित साइंस ब्लॉक और इतनी ही लागत से निर्मित राजकीय उच्च विद्यालय भगोटला के नवनिर्मित भवन को लोकार्पित किया। उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिला में शिक्षा विभाग से संबंधित 20 करोड़ रुपए के कार्य जारी हैं जो जल्द ही लोकार्पित किए जाएंगे। मंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने कॉलेज में 527 सहायक आचार्य के पद भरे हैं। इसी तरह 542 अन्य सहायक आचार्यों के पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने ही 118 प्रधानाचार्यों को पदोन्नत किया है।

मंत्री ने कहा कि शिक्षा विभाग में वर्तमान सरकार द्वारा विभिन्न वर्गों के 7 हजार अध्यापकों के पद भरे गए हैं, कुछ की प्रक्रिया अभी जारी है और इस प्रक्रिया को जल्द पूर्ण किया जाएगा। कॉलेज प्रशासन की ओर से रखी गई विभिन्न मांगों पी.जी. कोर्स शुरू करने, बहुउद्देश्यीय सभागार निर्मित करने सहित अन्य करीब आधा दर्जन मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंदला में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने विद्यालय की टॉयलेट्स निर्माण की मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित महिला मंडलों को 10-10 हजार रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा की। राजकीय उच्च विद्यालय भगोटला में भी उन्होंने नव निर्मित भवन के आगे डंगा लगाने के लिए बजट स्वीकृत करने का आश्वासन दिया और इसका प्राकलन तैयार करने के निर्देश दिए। बंदला और भगोटला स्कूल में आयोजित जनसभाओं में स्कूल प्रशासन ने मंत्री को सम्मानित कर स्मृति चिन्ह भी भेंट किए। विधायक आशीष बुटेल ने पालमुपर विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा विभाग से संबंधित करीब 8 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों को लोकार्पित करने और शिलान्यास करने के लिए आभार जताया।



*पालमपुर: शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर पालमपुर में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन व लोकार्पण करते हुए। (गौरव)*

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मंत्री के साथ नगर निगम महापौर गोपाल नाग, उपमहापौर राजकुमार, वूल फैडरेशन निदेशक मंडल सदस्य त्रिलोक कपूर, कांग्रेस प्रवक्ता संजीव गांधी, एस.डी.एम. पालमपुर नेत्रा मेती, सचिव स्कूल शिक्षा बोर्ड डा. विशाल शर्मा, आयुक्त नगर निगम, डा. आशीष शर्मा, डी.एस.पी. लोकेंद्र नेगी, उपनिदेशक उच्च शिक्षा कमलेश ठाकुर, प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक अजय संबयाल, अधीक्षण अभियंता बी.एम. ठाकुर, कॉलेज की कार्यकारी प्राचार्य कल्पना ऋषि सहित विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य, अध्यापक, स्थानीय जन प्रतिनिधि और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षा मंत्री ने एनैस्थीसिया वर्क स्टेशन और ऑडियोलॉजी यूनिट का किया शुभारंभ

पालमपुर, 5 अक्तूबर (गौरव/भृगु): नागरिक चिकित्सालय पालमपुर में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने एनैस्थीसिया वर्क स्टेशन और ऑडियोलॉजी यूनिट का शुभारंभ किया। इस दौरान उनके साथ विधायक पालमपुर आशीष बुटेल भी उपस्थित रहे। आज आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में इन दोनों यूनिट को अस्पताल को सौंपा गया। ये दोनों यूनिट पालमपुर के चिम्बलहार निवासी समाजसेवी तिलक राज सूद और उनके परिवार द्वारा अस्पताल को दान की गई हैं।

इस कार्यक्रम के दौरान तिलक राज सूद और उनका परिवार भी उपस्थित रहे और इसका शुभारंभ मंत्री रोहित ठाकुर ने समाज सेवी तिलक राज और उनके परिवार के साथ मिलकर किया। एनैस्थीसिया वर्क स्टेशन यूनिट की लागत 15.96 लाख रुपए और ऑडियोलॉजी यूनिट की लागत 13.30 लाख है।

कुल मिलाकर उक्त समाजसेवी परिवार ने अस्पताल के लिए 29.26 लाख रुपए की लागत की यूनिट दान की। इन यूनिट की स्थापना के कारण अब मरीजों को संबंधित सेवाएं अस्पताल में ही मिलेंगी। मंत्री रोहित ठाकुर और विधायक आशीष बुटेल ने समाजसेवी तिलक राज सूद और उनके परिवार का इस कार्य के लिए आभार जताया।



*पालमपुर: अत्याधुनिक ऑडियोलॉजी यूनिट का शुभारंभ करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर व पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल व समाजसेवी तिलक राज। (गौरव)*

# कांगड़ा में 40 करोड़ के आठ डे बोर्डिंग स्कूल

## शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने पालमपुर कालेज में किया ऐलान, शिक्षा का स्तर होगा बेहतर

दिव्य हिमाचल टीम- पालमपुर

प्रदेश सरकार द्वारा कांगड़ा जिले में सर्वाधिक राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल का हो रहा निर्माण किया जा रहा है। 40 करोड़ की लागत के इन स्कूलों के लिए 14.17 करोड़ की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में आयोजित उद्घाटन-शिलान्यास कार्यक्रम के मौके पर यह बात शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कही। कालेज में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 1.50 करोड़ रुपए की लागत से तैयार खेल मैदान, 17 लाख की लागत से निर्मित जूलॉजी



प्रयोगशाला का लोकार्पण किया तथा पांच करोड से निर्मित होने वाले कन्या छात्रावास और 20 लाख की लागत से तैयार होने वाले बॉक्सिंग रिंग का शिलान्यास भी किया। इसके पश्चात उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंदला में 50.65 लाख की लागत से निर्मित साइंस ब्लॉक और इतनी ही लागत से निर्मित राजकीय उच्च विद्यालय भगोटला के नवनिर्मित भवन को लोकार्पित किया। इसके चलते ही प्रदेश सरकार कुल बजट का 18 फीसदी बजट शिक्षा पर व्यय कर रही है। कांगड़ा जिला में शिक्षा विभाग से संबंधित 20 करोड़ के कार्य जारी है, जो जल्द ही लोकार्पित किए जाएंगे। मंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने कालेज में 527 सहायक आचार्य के पद भरे हैं। इसी तरह 542 अन्य सहायक आचार्यों के पदों को भरने की प्रयिा जारी है। वर्तमान सरकार ने ही 118 प्रधानाचार्यों को पदोन्नत किया है। कालेज, प्रशासन ने मंत्री को सम्मानित किया और विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन एवं शिलान्यास करने के लिए आभार भी जताया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंदला में आयोजित कार्यक्र म में उन्होंने विद्यालय की टायलेट्स निर्माण की मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित महिला मंडलों को 10.10 हजार रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा की। राजकीय उच्च विद्यालय भगोटला में भी उन्होंने नव निर्मित भवन के आगे डंगा लगाने के लिए बजट स्वीकृत करने

- **पालमपुर कालेज, बंदला भगोटला में करोड़ों के किए शिलान्यास-उद्घाटन**

का आश्वासन दिया और इसका प्राक्लन तैयार करने के निर्देश दिए। बंदला और भगोटला स्कूल में आयोजित जनसभाओं में स्कूल प्रशासन ने मंत्री को सम्मानित कर स्मृति चिन्ह भी भेंट किए। विधायक आशीष बुटेल ने पालमुपर विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा विभाग से संबंधित करीब आठ करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों को लोकार्पित करने और शिलान्यास करने के लिए आभार जताया।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में मंत्री के साथ नगर निगम महापौर गोपाल नाग, उपमहापौर राजकुमार, वूल फेडरेशन निदेशक मंडल सदस्य त्रिलोक कपूर, कांग्रेस प्रवक्ता संजीव गांधी, एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती, सचिव स्कूल शिक्षा बोर्ड डा. विशाल शर्मा, आयुक्त नगर निगम डा. आशीष शर्मा, डीएसपी लोकेंद्र नेगी, उपनिदेशक उच्च शिक्षा कमलेश ठाकुर, प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक अजय संबयाल, अधीक्षण अभियंता बीएम ठाकुर, कालेज की कार्यकारी प्रधानाचार्य कल्पना ऋषि सहित विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य, अध्यापक, जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

दिव्य हिमाचल 08/10/2025

DATE

Scanned with OKEN Scanner

# कांगड़ा में सर्वाधिक 8 डे बोर्डिंग स्कूल बनेंगे

## शहीद कैप्टन विक्रम बतरा कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बोले शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर

हिमाचल दस्तक ■ पालमपुर

प्रदेश सरकार द्वारा कांगड़ा जिले में सर्वाधिक राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूलों का निर्माण किया जा रहा है। 40 करोड़ की लागत के इन स्कूलों के लिए 14.17 करोड़ की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है।

यह बात शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में आयोजित उद्घाटन शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान कही। इस मौके पर उन्होंने कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में 1.50 करोड़ रुपये की लागत से तैयार खेल मैदान, 17 लाख की लागत से निर्मित जूलॉजी प्रयोगशाला का लोकार्पण किया तथा 5 करोड़ से निर्मित होने वाले कन्या छात्रावास और 20 लाख की लागत से तैयार होने वाले बॉक्सिंग रिंग का शिलान्यास भी किया। इसके पश्चात उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंदला में 50.65 लाख की लागत से निर्मित साइंस ब्लॉक और इतनी ही लागत से निर्मित राजकीय उच्च विद्यालय भगोटला के नवनिर्मित भवन को लोकार्पित किया। कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षा का क्षेत्र प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में शामिल है।

इसके चलते ही प्रदेश सरकार कुल बजट का 18 फीसदी बजट शिक्षा पर व्यय कर रही है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिला में शिक्षा विभाग से संबंधित 20 करोड़ के कार्य जारी है जो जल्द ही लोकार्पित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार शिक्षा में गुणवत्ता के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार ने पहली बार कॉलेज और स्कूल तथा पुस्तकालय की रैंकिंग और ग्रेडिंग शुरू की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में साक्षरता दर 99.30 फीसदी हो चुकी है, इसमें कांग्रेस की सरकारों का अहम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न सर्वे और रैंकिंग में हिमाचल प्रदेश जहां शिक्षा के क्षेत्र में 21वें स्थान पर पहुंच चुका था वहीं वर्तमान प्रदेश सरकार के प्रयासों के चलते राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण में तीसरा और पांचवां स्थान प्राप्त किया है। मंत्री ने कहा कि शिक्षा विभाग में वर्तमान सरकार द्वारा विभिन्न वर्गों के 7 हजार अध्यापकों के पद भरे गए हैं, कुछ की प्रक्रिया अभी जारी है और इस प्रक्रिया को जल्द पूर्ण किया जाएगा। कॉलेज प्रशासन की ओर से रखी गई विभिन्न मांगों पीजी कोर्स शुरू करने, बहुद्देश्य सभागार निर्मित करने सहित अन्य करीब आधा दर्जन मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन भी दिया। कॉलेज प्रशासन ने मंत्री को सम्मानित किया और विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन एवं शिलान्यास करने के लिए आभार भी जताया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंदला में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने विद्यालय की टायलेट्स निर्माण की मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित महिला मंडलों को 10-10 हजार रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की। राजकीय उच्च विद्यालय भगोटला में भी उन्होंने नवनिर्मित भवन के आगे डंगा लगाने के लिए बजट स्वीकृत करने का आश्वासन दिया और इसका प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए।

### ■ पालमपुर कॉलेज, बंदला व भगोटला स्कूल में 7.87 करोड़ के कार्यों का किया शिलान्यास-उद्घाटन



### पालमपुर अस्पताल में शिक्षा मंत्री ने एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन व ऑडियोलॉजी यूनिट का किया शुभारंभ

मारंडा। सिविल अस्पताल पालमपुर में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन और ऑडियोलॉजी यूनिट का शुभारंभ किया। इस दौरान उनके साथ विधायक पालमपुर आशीष बुटेल भी उपस्थित रहे। रविवार को आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में इन दोनों यूनिट को अस्पताल को सौंपा गया। ये दोनों यूनिट पालमपुर के चिंबलहार निवासी समाजसेवी तिलकराज सूद और उनके परिवार द्वारा अस्पताल को दान की गई है। इस कार्यक्रम के दौरान तिलकराज सूद और उनका परिवार भी उपस्थित रहे। इसका शुभारंभ मंत्री रोहित ठाकुर ने समाज सेवी तिलकराज और उनके परिवार के साथ मिलकर किया। एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन यूनिट की लागत 15.96 लाख और ऑडियोलॉजी यूनिट की लागत 13.30 लाख है। कुल मिलाकर उक्त समाजसेवी परिवार ने अस्पताल के लिए 29.26 लाख रुपये की लागत की यूनिट दान की। इन यूनिट की स्थापना के कारण अब मरीजों को संबंधित सेवाएं अस्पताल में ही मिलेंगी। मंत्री रोहित ठाकुर और विधायक आशीष बुटेल ने समाजसेवी तिलक राज सूद और उनके परिवार का इस कार्य के लिए आभार जताया।

Scanned with OKEN Scanner

DATE

339. दैनिक जागरण :- 16/10/2025

# ईको क्लब ने कालेज परिसर में स्थापित किए पक्षियों के घोंसले

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : ईको क्लब ने बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में जैव विविधता को बढ़ावा देने के लिए पक्षियों के घोंसले स्थापित किए।

डा. मीनाक्षी ठाकुर के नेतृत्व में इस पहल को अंजाम दिया गया। कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. कल्पना ऋषि ने ईको क्लब के प्रयासों को सराहा। उन्होंने कहा कि हमें समझना होगा कि हमारा लालच पक्षियों के आवास को नष्ट कर रहा है। यह पहल हरित और टिकाऊ पर्यावरण बनाने के प्रयासों का हिस्सा है।

कार्यक्रम का समापन कार्यकारी प्राचार्य और इको क्लब के सदस्यों ने पक्षियों के घोंसलों की नियमित निगरानी की शपथ के साथकिया।



पालमपुर कालेज के विद्यार्थी व स्टाफ घोंसले स्थापित करने के बाद • सौजन्य : कालेज

340. पंजाब केसरी :- 16/10/2025

# ईको क्लब ने कॉलेज परिसर में पक्षियों के घोंसले लगाए

पालमपुर, 15 अक्तूबर (भृगु) : ईको क्लब ने जैव विविधता को बढ़ावा देने के लिए शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में पक्षियों के घोंसले स्थापित किए। ईको क्लब इकाई ने डॉ. मीनाक्षी ठाकुर के संयोजन में महाविद्यालय परिसर में पक्षियों के घोंसले स्थापित करके पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया है।

महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफैसर कल्पना ऋषि ने ईको क्लब के प्रयासों की सराहना की । हम जो भी पेड़ काटते हैं, वह उनके लिए आश्रय छीन लेता है। आइए, उनके आवास की रक्षा करने और प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाने का संकल्प लें। इस अवसर पर डॉ. मीनाक्षी ठाकुर ने कहा कि इन घोंसलों की स्थापना क्लब द्वारा हरित और अधिक टिकाऊ पर्यावरण बनाने के निरंतर प्रयासों का एक हिस्सा है। आशीष कुमार द्वारा पक्षियों के घोंसलों की नियमित निगरानी और रखरखाव करने की शपथ के साथ हुआ।

Scanned with OKEN Scanner

341 हिमाचल दस्तक 16/10/2025

## कॉलेज परिसर में लगाए घोंसले

पालमपुर। इको क्लब ने जैव विविधता को बढ़ावा देने के लिए एससीवीबी राजकीय महाविद्यालय, पालमपुर में पक्षियों के घोंसले स्थापित किए। एससीवीबी राजकीय महाविद्यालय, पालमपुर की इको क्लब इकाई ने 15 अक्तूबर को डॉ. मीनाक्षी ठाकुर के संयोजन में महाविद्यालय परिसर में पक्षियों के घोंसले स्थापित करके पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया है। इस अवसर पर, महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. कल्पना ऋषि ने इको क्लब के प्रयासों की सराहना की और छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें यह समझना होगा कि भूमि और संसाधनों के प्रति हमारा लालच पक्षियों के घरों को नष्ट कर रहा है। हम जो भी पेड़ काटते हैं, वह उनके लिए आश्रय छीन लेता है। आइए, उनके आवास की रक्षा करने और प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाने का संकल्प लें। इस अवसर पर डॉ. मीनाक्षी ठाकुर ने कहा कि इन घोंसलों की स्थापना क्लब द्वारा हरित और अधिक टिकाऊ पर्यावरण बनाने के निरंतर प्रयासों का एक हिस्सा है।

342. दैनिक भास्कर 16/10/2025

## पालमपुर.कॉलेज के इको क्लब ने परिसर में पक्षियों के घोंसले लगाए

पालमपुर | राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की इको क्लब इकाई ने संयोजक डॉ. मीनाक्षी ठाकुर के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर में पक्षियों के घोंसले स्थापित किए। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता को बढ़ावा देना है। कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. कल्पना ऋषि ने क्लब के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मानव लालच से पेड़ों की कटाई ने पक्षियों के आवास छीन लिए हैं, इसलिए हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना चाहिए। डॉ. मीनाक्षी ठाकुर ने बताया कि यह कदम हरित और टिकाऊ पर्यावरण निर्माण की दिशा में क्लब के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।

343. दैनिक जागरण :- 17/10/2025

## छात्रों ने रोवर्स निपुण कैंप में दिखाई प्रतिभा



भारत स्काउट एंड गाइड ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर में भाग लेने वाले पालमपुर कालेज के रोवर्स प्रमाणपत्रों के साथ • सौ. महाविद्यालय

पालमपुर : भारत स्काउट एंड गाइड ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर में आठ से 14 अक्टूबर तक आयोजित राज्यस्तरीय निपुण टेस्टिंग कैंप में बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय के आठ रोवर्स ने भाग लिया और निपुण परीक्षा उत्तीर्ण की। इन्हें महाविद्यालय में कार्यकारी प्राचार्य प्रो. कल्पना ऋषि व डा. अजय ठाकुर ने प्रमाणपत्र दिए। रोवर्स लीडर डा. रविंदर ठाकुर और रेंजर्स लीडर प्रो. किरण देवी के मार्गदर्शन में छात्रों ने नेतृत्व, टीम वर्क और समाज सेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस कैंप में व्यक्तित्व विकास, सामाजिक जिम्मेदारी और आउटडोर सर्वाइवल स्किल्स जैसी गतिविधियां शामिल थीं। (संस)

344 दैनिक जागरण :- 17/10/2025

## विद्यार्थियों ने अपशिष्ट प्रबंधन के तरीके सीखे

पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय के इको क्लब के विद्यार्थियों ने संयोजक डॉ. मीनाक्षी ठाकुर के नेतृत्व में स्थानीय डंपिंग साइट का दौरा किया ताकि कचरे के निपटान, अलगाव, रीसाइक्लिंग और पुनः उपयोग की प्रक्रियाओं के बारे में प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त किया जा सके। एमआरएफ (सामग्री वसूली सुविधा) डंप साइट पालमपुर की शैक्षिक यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना है। कार्यकारी प्राचार्य प्रो. कल्पना ऋषि ने अपशिष्ट संग्राहकों के योगदान को पहचानने और पर्यावरण को स्वच्छ व टिकाऊ रखने के लिए अथक प्रयास करने वालों का सम्मान करने के महत्व पर बल दिया। डा. मीनाक्षी ठाकुर ने अपशिष्ट प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं के माध्यम से निर्देशित किया। (संस)

classmate

Scanned with OKEN Scanner

15 हिमाचल दस्तक :- 17/10/2025

# बतरा कॉलेज पालमपुर के छात्रों ने रोवर्स निपुण कैंप में दिखाई प्रतिभा



**हिमाचल दस्तक ■ पालमपुर**

भारत स्काउट एंड गाइड ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर में 8 अक्तूबर से 14 अक्तूबर तक आयोजित राज्य स्तरीय निपुण टेस्टिंग कैंप में महाविद्यालय के 8 रोवर्स ने भाग लिया और निपुण परीक्षा उत्तीर्ण की। कार्यकारी प्राचार्य प्रो. कल्पना ऋषि तथा डॉ. अजय ठाकुर ने प्रमाणपत्र प्रदान किए। कार्यकारी प्राचार्य प्रो. कल्पना ऋषि ने कहा कि इस तरह के कैंप छात्रों में चरित्र निर्माण और नेतृत्व कौशल विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रोवर्स लीडर डॉ. रविंद्र ठाकुर और रेंजर लीडर प्रो. किरण देवी के मार्गदर्शन में छात्रों ने नेतृत्व, टीम वर्क और समाज सेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस कैंप में व्यक्तित्व विकास, सामाजिक जिम्मेदारी और आउटडोर सर्वाइवल स्किल्स जैसी गतिविधियां शामिल थीं। प्रतिभागियों ने कार्यशालाओं, प्रतियोगिताओं और सेवा परियोजनाओं में सक्रिय भागीदारी दिखाई और अपनी मेहनत एवं समर्पण का परिचय दिया।

16. पंजाब केसरी :- 25/10/2025



*पालमपुर : विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद व अन्य के साथ।* (भृगु)

# लिखणु प्रतियोगिता में हेमंत किशोर प्रथम

पालमपुर, 24 अक्तूबर (भृगु): शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के विद्यार्थियों ने राजकीय महाविद्यालय नाहन में आयोजित हिमाचल प्रदेश युवा महोत्सव ग्रुप प्रथम में भाग लिया। इसमें रंगोली प्रतियोगिता में गुलशन और कोलाज मेकिंग में हेमंत किशोर ने तृतीय स्थान प्राप्त करके संस्थान का नाम रोशन किया।

प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने सांस्कृतिक समिति की समन्वयक प्रोफेसर कल्पना ऋषि और समिति सदस्यों को इस सफलता पर बधाई दी। वहीं शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के विद्यार्थियों ने राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में आयोजित अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें लिखणु प्रतियोगिता में हेमंत किशोर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने सांस्कृतिक समिति की समन्वयक प्रोफेसर कल्पना ऋषि और समिति सदस्य को इस सफलता पर बधाई दी, जबकि राजा वीरभद्र सिंह राजकीय महाविद्यालय सीमा रोहड़ू में हुई हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय शूटिंग प्रतियोगिता में शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 5 पदक 1 व्यक्तिगत, 3 टीम व 1 ओवरआल जीते और महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। कृष राणा ने व्यक्तिगत पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक, जबकि आयुष कुमार, वीरेंद्र सिंह और सूर्यांश पटियाल ने पुरुष राइफल टीम में स्वर्ण पदक हासिल किया। महिला राइफल टीम कशिश कटोच, अर्पिता, पारस और पुरुष पिस्टल टीम कृष राणा, आयुष कुमार, अमन ने कांस्य पदक प्राप्त किए। टीम की अगुवाई कंटिंजेंट इंचार्ज डा. मयंक राणा ने की, जबकि शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डा. खुशीराम भगत ने खिलाड़ियों की तैयारी और अनुशासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर प्रोफेसर कल्पना ऋषि, डाक्टर अनीता सरोच, डाक्टर अनुराधा शर्मा, प्रोफेसर सुनीता कटोच, प्रोफेसर मनीष शर्मा, डाक्टर निशा चंदेल और प्रोफेसर आरती डोहरु उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner

DATE

347 हिमाचल दस्तक :- 25/10/2025

## रंगोली स्पर्धा में गुलशन कोलाज में हेमंत तृतीय



हिमाचल दस्तक ■ पालमपुर

शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के विद्यार्थियों ने राजकीय महाविद्यालय नाहन में 13 से 15 अक्तूबर तक आयोजित हिमाचल प्रदेश युवा महोत्सव ग्रुप प्रथम में भाग लिया, जिसमें रंगोली प्रतियोगिता में गुलशन और कोलाज मेकिंग में हेमंत किशोर ने तृतीय स्थान प्राप्त करके संस्थान का नाम रोशन किया। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने सांस्कृतिक समिति की समन्वयक प्रो. कल्पना ऋषि और समिति सदस्यों को इस सफलता पर बधाई दी। हेमंत किशोर और गुलशन को भविष्य में ऐसे ही सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते रहने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रो. कल्पना ऋषि, डॉ. अनीता सरोच, डॉ. अनुराधा, प्रो. सुनीता कटोच, प्रो. मनीष शर्मा, डॉ. निशा चंदेल और प्रो. आरती डोहरु उपस्थित रहे।

348. दैनिक जागरण :- 25/10/2025



रंगोली व कोलाज मेकिंग स्पर्धा में भाग लेने वाले विद्यार्थी स्टाफ के साथ • सौ. महाविद्यालय

## रंगोली में गुलशन, कोलाज मेकिंग में हेमंत चमके

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के विद्यार्थियों ने 13 से 15 अक्टूबर तक राजकीय महाविद्यालय नाहन में आयोजित हिमाचल प्रदेश युवा महोत्सव ग्रुप प्रथम में भाग लिया। इस महोत्सव में रंगोली प्रतियोगिता में गुलशन और कोलाज मेकिंग में हेमंत किशोर ने तृतीय स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने सांस्कृतिक समिति की समन्वयक प्रोफेसर कल्पना ऋषि और समिति के सदस्यों को इस सफलता पर बधाई दी। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों की कठिन श्रम साधना की सराहना की और हेमंत किशोर तथा गुलशन को भविष्य में ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामना दी। इस अवसर पर प्रोफेसर कल्पना ऋषि, डा. अनीता सरोच, डा. अनुराधा, प्रोफेसर सुनीता कटोच, प्रोफेसर मनीष शर्मा, डा. निशा चंदेल और प्रोफेसर आरती डोहरु भी उपस्थित रहे।

349. अमर उजाला :- 25/10/2025

## हेमंत लिखनु प्रतियोगिता में अव्वल

पालमपुर (कांगड़ा)। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के विद्यार्थियों ने राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में आयोजित अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें लिखनु प्रतियोगिता में हेमंत किशोर ने प्रथम और लुकरी प्रतियोगिता में सोनाक्षी और नीलम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने सांस्कृतिक समिति की समन्वयक प्रो. कल्पना ऋषि और समिति सदस्य को इस सफलता पर बधाई दी। इस अवसर पर प्रो. कल्पना ऋषि , डॉ. अनीता सरोच, डॉ. अनुराधा शर्मा आदि मौजूद रहे। संवाद

classmate

Scanned with OKEN Scanner

DATE

350 दैनिक जागरण :
29/10/2025

# अंजलि और रजनी की रंगोली सबसे बेहतर

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : बलिदानी कैप्टन बिक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के रेड रिबन क्लब की ओर से मंगलवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय 'नशा मुक्ति, तंबाकू निषेध एवं क्षय रोग जागरूकता' था।

इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य और सामाजिक मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनाना था। कार्यक्रम का संचालन डा. बविंदर कटोच और डा. अनुराधा शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। निर्णायक मंडल में प्रो. कल्पना ऋषि, प्रो. सुनीता सिरमौरिया और प्रो. पूनम शर्मा शामिल थीं। प्रतियोगिता में विजेता अंजलि और रजनी रही, जबकि गुलशन ने द्वितीय, स्वाति और रंजन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हेमंत किशोर को सांत्वना पुरस्कार मिला।



राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में रंगोली बनाती छात्राएं • जागरण

351 दिव्य हिमाचल
29/10/2025

## रंगोली प्रतियोगिता में अंजलि-रजनी ने मारी बाजी



पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के रेड रिबन क्लब द्वारा मंगलवार को एक रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय नशा मुक्ति, तम्बाकू निषेध एवं क्षय रोग जागरूकता रहा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य एवं सामाजिक मुद्दों के प्रति रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से संवेदनशील बनाना था। प्रतियोगिता का आयोजन डा बविंदर कटोच एवं डा अनुराधा शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा की । उन्हें ऐसे जागरूकता वर्धक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो कल्पना ऋषि, प्रो सुनीता सिरमौरिया एवं प्रो पूनम शर्मा ने निभाई। प्रथम पुरस्कार अंजलि एवं रजनी ने प्राप्त किया। द्वितीय पुरस्कार गुलशन ने हासिल किया। तृतीय पुरस्कार स्वाति एवं रंजन, सांत्वना पुरस्कार हेमंत-किशोर को मिला।

352. हिमाचल दस्तक
29/10/2025

## कैप्टन विक्रम बतरा कॉलेज में रेड रिबन क्लब ने करवाई रंगोली प्रतियोगिता



पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के रेड रिबन क्लब द्वारा मंगलवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका विषय नशामुक्ति, तंबाकू निषेध एवं क्षय रोग जागरूकता रहा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य एवं सामाजिक मुद्दों के प्रति रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से संवेदनशील बनाना था। प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. बविंदर कटोच एवं डॉ. अनुराधा शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा की तथा उन्हें ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. कल्पना ऋषि, प्रो. सुनीता सिरमौरिया एवं प्रो. पूनम शर्मा ने निभाई। विजेता प्रतिभागियों में प्रथम पुरस्कार अंजली एवं रजनी, द्वितीय पुरस्कार गुलशन व तृतीय पुरस्कार स्वाति एवं रंजन तथा सांत्वना पुरस्कार हेमंत किशोर को मिला।

353. पंजाब केसरी
29/10/2025



पालमपुर: रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। (ब्यूरो)

PAGE

Scanned with OKEN Scanner

DATE

354 अमर उजाला :- 29/10/2025

# अंजली-रजनी की रंगोली सबसे सुंदर


पालमपुर कॉलेज में प्रतियोगिता के दौरान रंगोली बनातीं छात्राएं। स्रोत : संस्थान

संवाद न्यूज एजेंसी

पालमपुर (कांगड़ा)। नशा मुक्ति, तंबाकू निषेध एवं क्षय रोग जागरूकता विषय पर शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के रेड रिबन क्लब ने मंगलवार को रंगोली प्रतियोगिता करवाई। इसमें अंजली और रजनी ने सबसे सुंदर रंगोली बनाकर पहला स्थान पाया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य और सामाजिक मुद्दों के प्रति रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से संवेदनशील बनाना था। यह आयोजन डॉ. बविंदर कटोच और डॉ. अनुराधा शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने कहा कि विद्यार्थियों को ऐसे जागरूकता वर्धक आयोजनों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में अंजली और रजनी ने प्रथम, गुलशन ने द्वितीय, जबकि स्वाति एवं रंजन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार हेमंत किशोर को दिया गया।

355 दैनिक जागरण :- 31/10/2025

# पोस्टर मेकिंग में कनिष्का ने पाया पहला स्थान

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के रेड रिबन क्लब की ओर से वीरवार को "नशामुक्ति और तंबाकू निषेध जागरूकता" विषय पर पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। प्रतियोगिता का संचालन डा. बोविंदर कटोच और डा. अनुराधा शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने कहा कि विद्यार्थियों ने कला और सृजनात्मकता के माध्यम से समाज के लिए महत्वपूर्ण संदेश प्रसारित किए हैं। उन्होंने रेड रिबन क्लब की भी प्रशंसा की, जिसने कलात्मक अभिव्यक्ति को सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ते हुए युवाओं को सकारात्मक परिवर्तन के लिए प्रेरित किया है। निर्णायक मंडल में प्रो. पूनम शर्मा और डा. साहिल महाजन शामिल थे। पोस्टर मेकिंग में कनिष्का ने प्रथम, अंजलि ने द्वितीय, मुस्कान ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि कनिका को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। स्लोगन राइटिंग में पलक ने प्रथम, हिमानी ने द्वितीय और गरिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।


पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी • जागरण

356 पंजाब केसरी :- 31/10/2025

# पोस्टर मेकिंग में कनिष्का, स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में पलक प्रथम

पालमपुर, 30 अक्तूबर (भृगु): शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के रैड रिबन क्लब द्वारा वीरवार को पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय नशा मुक्ति और तंबाकू निषेध जागरूकता रहा।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और उन्हें रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. बोविंदर कटोच और डॉ. अनुराधा शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. पूनम शर्मा और डॉ. साहिल महाजन ने निभाई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कनिष्का ने प्रथम, अंजलि ने द्वितीय और मुस्कान ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि कनिका को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में पलक ने प्रथम, हिमानी ने द्वितीय तथा गरिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।





Scanned with OKEN Scanner

DATE

357. दिव्य हिमाचल :- 31/10/2025

## पोस्टर के जरिए छात्रों ने नशामुक्ति का दिया संदेश



पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के रेड रिबन क्लब द्वारा पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय नशा मुक्ति और तंबाकू निषेध जागरूकता रहा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और उन्हें रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता का आयोजन डा. बोविंद्र कटोच और डा. अनुराधा शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। छात्रों ने प्रभावशाली पोस्टर व अर्थपूर्ण स्लोगन के माध्यम नशे के खिलाफ सशक्त संदेश दिए तथा नशामुक्त और स्वस्थ जीवन के महत्त्व को उजागर किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने कला और सृजनात्मकता के माध्यम से समाज के लिए महत्त्वपूर्ण संदेश प्रसारित किए हैं।

358. हिमाचल दस्तक :- 31/10/2025

## स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में पलक प्रथम

पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के रेड रिबन क्लब द्वारा पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय नशा मुक्ति और तंबाकू निषेध जागरुकता रहा। प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. बोविंद्र कटोच और डॉ. अनुराधा शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। छात्रों ने प्रभावशाली पोस्टर व अर्थपूर्ण स्लोगंन के माध्यम नशे के खिलाफ सशक्त संदेश दिए तथा नशामुक्त और स्वस्थ जीवन के महत्व को उजागर किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता मे कनिष्का ने प्रथम पुरस्कार, अंजली ने द्वितीय, मुस्कान ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि कनिका को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में पलक ने प्रथम, हिमानी ने द्वितीय तथा गरिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

Scanned with OKEN Scanner